ई-न्यूज
24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, रविवार 27 अक्टूबर 2024
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 1 अंक 233

50 फ्लाइट्स को बम की धमकी:इंडिगो की 18, विस्तारा की 17 और अकासा की 15 फ्लाइट्स; 14 दिनों में 350 से ज्यादा धमकियां



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली. तीन इंडियन एयरलाइंस की 50 फ्लाइट्स को रविवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इनमें इंडिगो की 18, विस्तारा की 17 और अकासा की 15 फ्लाइट्स शामिल हैं।

इस तरह 14 दिनों में 350 से ज्यादा डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स में बम होने की धमकी मिल चुकी है। हालांकि जांच में ये सभी धमकियां झूठी निकली हैं। उधर, केंद्र सरकार ने इन धमकियों पर सख्त रवैया अपनाया है। आईटी मिनिस्ट्री ने 26 अक्टूबर को एडवाइजरी जारी कर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से कहा कि अगर वे ऐसी झूठी सूचनाओं को फौरन नहीं हटाते हैं तो उन्हें आईटी एक्ट के तहत मिलने वाली इम्युनिटी रद्द कर दी जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि ऐसी सूचनाओं को तुरंत हटाकर इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को भी देनी होगी। पिछले दिनों प्लेन को मिली धमकियों की वजह से एयरलाइंस सर्विस बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। एविएशन मिनिस्ट्री को 600 करोड़ से ज्यादा का नुकसान हुआ है।

मंत्री बोले- धमकी देने वाले नो फ्लाइंग लिस्ट में डाले जाएंगे

केंद्रीय सिविल एविएशन मिनिस्टर के राममोहन नायडू ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार बम की झूठी धमकियां देने वालों को उड़ान भरने से रोकने के लिए कदम उठाने पर विचार कर रही है। इसके लिए सरकार कानूनों में संशोधन करने पर भी विचार कर रही है।

कानूनों में बदलाव किए जाएंगे। जो लोग इस तरह की गतिविधियों में शामिल होंगे, उन्हें कड़ी सजा दी जाएगी और जुर्माना लगाया जाएगा। ऐसे लोगों को नो फ्लाइंग लिस्ट में भी डाला जाएगा। हम आने वाले दिनों में इसकी घोषणा करेंगे।

पाकिस्तान से बड़ी ड्रग तस्करी का भंडाफोड़, 105 किलोग्राम हेरोइन जब्त, दो गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

चंडीगढ़: पंजाब पुलिस ने सीमा पार से तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तुर्की स्थित ड्रग तस्कर नवप्रीत सिंह उर्फ नव भुल्लर के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है. इस ऑपरेशन में 105 किलोग्राम हेरोइन, 31.93 किलोग्राम कैफीन एनहाइड्रस, 17 किलोग्राम डेक्सट्रोमेथॉरफन (डीएमआर) और छह हथियार बरामद किए गए, जिनमें पांच विदेशी पिस्तौल और एक देसी पिस्तौल शामिल हैं.

पुलिस के मुताबिक, तस्करों ने कथित तौर पर पानी के रास्ते से बड़ी रबर ट्यूबों में पाकिस्तान से ड्रग्स लाने का काम किया.

पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने कहा कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान अमृतसर के बाबा बकाला में गुरु तेग बहादुर कॉलोनी निवासी नवजोत सिंह और कपूरथला के काला संघियान निवासी लवप्रीत कुमार के रूप में हुई है. उन्होंने कहा कि भारी मात्रा में हेरोइन की खेप के अलावा, पुलिस टीमों ने कैफीन एनहाइड्रस और डेक्सट्रोमेथॉरफन सहित बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित ड्रग्स भी जब्त किए. खुफिया इनपुट के आधार पर चलाया गया अभियान

उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई तब शुरू की गई जब अमृतसर में काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) इकाई को खुफिया इनपुट मिला कि पाकिस्तान से जुड़ा विदेशी तस्कर नव भुल्लर बाबा बकाला में कॉलोनी लेडी रोड पर किराए के आवास में रहने वाले सहयोगियों के जरिये तस्करी नेटवर्क चला रहा है.

उन्होंने कहा कि खुफिया जानकारी के बाद विशेष खुफिया-नेतृत्व वाली कार्रवाई शुरू की गई और बाबा बकाला में डीएसपी सीआई अमृतसर बलबीर सिंह की देखरेख में एक चेकपॉइंट स्थापित किया गया. पुलिस ने इस चेकपॉइंट पर नवजोत सिंह और लवप्रीत कुमार को गिरफ्तार किया और उनकी कार से 7 किलोग्राम हेरोइन बरामद की. इसके बाद कार को जब्त कर लिया गया.

डीजीपी ने कहा कि गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने आगे की छापेमारी की, जिसमें उनके किराए के परिसर से 98 किलोग्राम हेरोइन, हथियार, कैफीन एनहाइड्रस और डीएमआर बरामद किया गया. उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले मार्ग और तरीकों की फिलहाल जांच चल रही है.

जयशंकर बोले- चीन बॉर्डर पर तनाव कम करना अगला स्टेप:यह तभी संभव, जब भारत को यकीन हो जाए कि चीन भी यही चाह रहा



24 न्यूज अपडेट

मुंबई. भारत-चीन के बीच LAC पर पेट्रोलिंग को लेकर हुए समझौते पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि सैनिकों की वापसी पहला कदम है। अगला कदम तनाव कम करना है।

मुंबई में रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में विदेश मंत्री ने कहा- दोनों देशों के बीच तनाव तभी कम होगा, जब भारत को यकीन न हो जाए कि चीन भी ऐसा ही चाह रहा है। तनाव कम करने के बाद, बॉर्डर को कैसे मैनेज किया जाए, इस पर चर्चा की जाएगी।

एक दिन पहले शनिवार को पुणे में एक कार्यक्रम में जयशंकर ने कहा था कि भारत सरकार का अपनी बात पर अड़े रहना काम कर गया। आज हम जिस मुकाम पर पहुंचे हैं, उसके दो कारण हैं।

पहला- हम अपनी बात से पीछे नहीं हटे, यह केवल इसलिए संभव हो सका क्योंकि सेना देश की रक्षा के लिए हर मौके पर डटी रही और कूटनीति ने अपना काम किया।

दूसरा- पिछले एक दशक में हमने अपने बुनियादी ढांचे में भी सुधार किया है।

जयशंकर ने कहा- मुझे लगता है कि इन दो कारणों के चलते भारत-चीन सीमा विवाद पर पेट्रोलिंग का मुद्दा हल हो सका है।

मुंबई के बांद्रा टर्मिनस में भगदड़, 10 यात्री घायल

प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर हादसा, गोरखपुर जा रही ट्रेन में चढ़ने के लिए अफरा-तफरी



24 न्यूज अपडेट

मुंबई. मुंबई के बांद्रा टर्मिनस पर रविवार सुबह मची भगदड़ में 10 यात्री घायल हो गए थे। इनमें से 5 का इलाज चल रहा है, 3 घायलों को छुट्टी दे दी गई है। भाभा अस्पताल के CMO डॉ सुशील के मुताबिक 2 गंभीर घायलों को KEM अस्पताल रेफर किया गया है।

हादसा प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर सुबह करीब 6 बजे हुआ। अधिकारियों ने बताया कि प्लेटफॉर्म पर गोरखपुर-बांद्रा एक्सप्रेस आई थी, उसमें चढ़ने के लिए यात्रियों के बीच भगदड़ मच गई।

घायलों की पहचान शब्बीर अब्दुल रहमान (40), परमेश्वर सुखदर गुप्ता (28), रवीन्द्र हरिहर चुमा (30), रवीन्द्र प्रसाद प्रजापति (29), संजय तिलकराम कांगे (27), दिव्यांशु यादव (18), मोहम्मद शरीफ शेख (25), इंद्रजीत साहनी (19) और नूर मोहम्मद शेख (18) के रूप में हुई है। इनमें से शाहनी और नूर की हालत गंभीर है। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

इधर भगदड़ पर शिवसेना UBT के आदित्य ठाकरे ने X पर एक पोस्ट में लिखा- काश कि रील मिनिस्टर एक रेल मंत्री होते। बांद्रा की घटना यही दर्शाती है कि मौजूदा रेल मंत्री कितने अक्षम हैं। बीजेपी ने चुनावों के लिए अश्विनी वैष्णव को बीजेपी महाराष्ट्र का प्रभारी बनाया है, लेकिन हर हफ्ते रेलवे के साथ कोई न कोई दुर्घटना होती रहती है। यह कितनी शर्म की बात है कि हमारा देश ऐसे अक्षम मंत्रियों के हाथ में है।

उधर, सांसद संजय राउत ने भी इस हादसे को लेकर रेल मंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि रेल मंत्री बुलेट ट्रेन में बहुत व्यस्त हैं। इसलिए मुंबई के यात्रियों की अनदेखी कर रहे हैं। जब से केंद्र सरकार का तीसरा कार्यकाल शुरू हुआ है, तब से कम से कम 25 बड़ी रेल दुर्घटनाएं हुई हैं।

स्वरा भास्कर के पति फहद NCP शरद पवार गुट में शामिल, मुंबई की इस सीट से लड़ेंगे चुनाव



24 न्यूज अपडेट

मुंबईः महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर राजनीतिक गतिविधियां चरम पर हैं. इस बीच अभिनेत्री स्वरा भास्कर पति फहद अहमद रविवार को शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी में शामिल हो गए. पार्टी ने फहद को मुंबई के अणुशक्ति नगर से उम्मीदवार बनाया है. जहां उनका मुकाबला एनसीपी (अजीत पवार गुट) की नेता सना मलिक से होगा.

इससे पहले फहद अहमद समाजवादी पार्टी में थे. वह सपा की महाराष्ट्र इकाई की युवा शाखा समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष थे.

एनसीपी (शरद पवार गुट) के नेता जयंत पाटिल ने कहा, "फहाद अहमद सुशिक्षित युवा हैं और उन्होंने पूरे देश में एक कार्यकर्ता के रूप में काम किया है. लोग चाहते हैं कि हम ऐसे नेताओं को मौका दें. वह पहले समाजवादी पार्टी में थे, लेकिन हमारी सपा से बातचीत हुई और वह हमारी पार्टी में आ गए. हमने उन्हें अणुशक्ति नगर विधानसभा क्षेत्र से अपनी पार्टी से टिकट दिया."

टिकट मिलने के बाद क्या बोले फहद

अणुशक्ति नगर सीट से टिकट मिलने के बाद फहद अहमद ने कहा कि समाजवादी पार्टी और एनसीपी (शरद पवार गुट) की जड़ें 'समाजवाद' से जुड़ी हुई हैं. महाराष्ट्र में मौजूदा सरकार से छुटकारा पाने के लिए जनता चुनाव का इंतजार कर रही है. समाजवादी पार्टी और एनसीपी (एससीपी) एक परिवार की तरह हैं. मुलायम सिंह यादव और शरद पवार तथा सुप्रिया सुले और अखिलेश यादव के बीच बहुत मजबूत रिश्ता रहा है. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सपा नेता अबू आजमी ने पिछले हफ्ते शरद पवार से बात की थी और सपा नेता फहद अहमद को मुंबई की अणुशक्ति नगर सीट से एनसीपी (शरद पवार गुट) उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतारने का सुझाव दिया था.

इससे पहले समाजवादी पार्टी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कम से कम 20 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की थी. क्योंकि महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाई थी. वहीं, फहद अहमद के समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ने की उम्मीद थी.

बाबा सिद्दीकी हत्याकांड की साजिश लॉरेंस के भाई ने रची:पुलिस बोली- कनाडा में बैठे अनमोल ने सिद्दीकी के घर की रेकी कराई थी



24 न्यूज अपडेट

मुंबई. NCP नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के कनाडा में बैठे भाई अनमोल ने रची। टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक मुंबई क्राइम ब्रांच ने बताया, हत्याकांड के आरोपी रामफूल कंजोइया और नितिन सप्रे से पूछताछ के दौरान अनमोल की साजिश रचने वाली बात सामने आई।

अनमोल ने एक अन्य आरोपी सुजीत सुशील सिंह उर्फ डब्बू के जरिए हमले को अंजाम दिया। उसे शुक्रवार (25 अक्टूबर) को लुधियाना से गिरफ्तार किया गया था। उसके पास से हथियार भी जब्त किया गया है। डब्बू ही अनमोल और शूटर्स के बीच का लिंक था। उसने राजस्थान से हथियारों का इंतजाम कर शूटरों तक पहुंचाए थे।

12 अक्टूबर की रात को बाबा सिद्दीकी की उनके बेटे जीशान के ऑफिस के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, लेकिन इससे एक महीने पहले डब्बू ने सिद्दीकी के घर की भी रेकी कराई थी। पुलिस को संदेह है कि अनमोल ने 3 संदिग्ध शूटर्स को स्नैपचैट के जरिए बाबा सिद्दीकी और उनके बेटे जीशान की तस्वीरें पहुंचाईं।

संपादकीय : नई परंपरा की खोज

भारतीय सभ्यता में कला, संगीत, नृत्य, स्थापत्य, साहित्य और दर्शन में शास्त्रीयतावाद की एक महान परंपरा रही है, जिनमें से सभी ने एक सांस्कृतिक पहचान के रूप में यहां भाषाओं पर अपनी पहचान छोड़ी है। शास्त्रीयतावाद समाज में सांस्कृतिक, बौद्धिक और कलात्मकता के बारे में एक स्पष्ट समझ बनाती है। केंद्र सरकार की 'शास्त्रीय भाषाओं' की घोषणा भी उसी कड़ी का हिस्सा है। भारत जैसे बहुजातीय, बहुभाषी और बहुसांस्कृतिक देश में प्रायः हम संस्कृत की एकात्म परंपरा मानते रहे हैं, लेकिन यह भी सत्य है कि संस्कृत और प्राकृत के विभिन्न रूप एक-दूसरे के साथ-साथ चलते रहे और एक दूसरे को समृद्ध भी करते रहे। इस क्रम में एमबी एमेन्यू (1958) के शोध से 'भारत एक भाषाई भू-क्षेत्र' की धारणा मिलती है, जो दर्शाती है कि कई हजार वर्षों के साथ रहने से भारोपीय और द्रविड़ परंपराएं इतनी समृद्ध हुई हैं कि इसका प्रभाव भाषा संरचना, शब्द निर्माण, यहां तक कि ध्वनि- व्यवस्था पर देखा जा सकता है। संस्कृत और तमिल की तरह पालि और प्राकृत को शास्त्रीय भाषाओं के रूप में अधिसूचित किए जाने के बाद कई गैरजरूरी आलोचनाएं हो रही हैं। प्रश्न उठाए जा रहे हैं कि किस प्राकृत को मान्यता दी जा रही है। हम भूल रहे हैं कि प्राकृत और संस्कृत परंपराओं की पिछले चार हजार वर्षों की साझा विरासत रही है। संस्कृत नाटकों में आम आदमी की भाषा के रूप में प्राकृत का इस्तेमाल एक सामान्य प्रचलन था। इसके साथ ही, गाने अक्सर महाराष्ट्रीय प्राकृत में रचे जाते थे। अशोक के शिलालेखों में स्थानीय लोगों से संवाद करने के लिए अलग-अलग प्राकृत का इस्तेमाल किया गया है। ध्यान रहे कि वेदों, उपनिषदों और संस्कृत के ग्रंथों में मनुष्य ईश्वर को संबोधित करने का प्रयास करता दिखता था, लेकिन पालि और प्राकृत परंपराओं में व्यक्ति स्वयं से भी मुखातिब होता है और नायक स्वयं से भी तर्क करता है, जिनमें कई गूढ़ दार्शनिक मुद्दे सामने आते हैं। पालि उपयोग बुद्ध के अनुयायियों द्वारा किया गया था, जहां ग्रीक वाली तार्किकता की तरह मुख्य ध्यान मनुष्य के स्वयं के साथ संवाद पर था। कमोबेश यह स्थिति पालि परंपरा में भी सामने आती है। इस प्रकार गौतम बुद्ध के भाषण, कथन, प्रवचन और वार्तालाप मौखिक रूप से पीढ़ियों तक प्रसारित हुए और बाद में कुछ बौद्ध परिषदों द्वारा उन्हें संरक्षित करने की आवश्यकता महसूस करने के बाद ग्रंथों (सुत्त, धम्म और अभिधम्म) में लिखे गए । कुछ लोग इसे पूर्वी प्राकृत का एक रूप मागधी से जोड़ते हैं, वह इसलिए भी क्योंकि बुद्ध ने इसी क्षेत्र में अपना निर्वाण प्राप्त किया था। पालि उस समय जंगल में आग की तरह फैली, जब सम्राट अशोक ने अपने बेटे महिंदा को ' सद्धम्म' सिखाने के लिए सीलोन (आधुनिक श्रीलंका) भेजा । पालि की तरह दर्शन, इतिहास, व्याकरण और विभिन्न गद्य और काव्य प्राकृत के बोले गए रूपों में भी सामने आए। प्राकृत के विभिन्न रूप थे, जिनमें महाराष्ट्री, शौरसेनी, मागधी और अवंती शामिल हैं, जिनका प्रयोग नाटक और गीत काव्य में किया जाता था। कहने का तात्पर्य यह कि संस्कृत की तरह, प्राकृत की भी अपनी शास्त्रीय परंपरा थी, जिस पर अब व्यापक शोध हेतु नई ऊर्जा मिलेगी। शास्त्रीय भाषाओं की पहचान और घोषणा की शुरुआत 2004 में एक भाषाई विशेषज्ञ समिति की स्थापना के साथ हुई थी। बाद में समिति का विस्तार करके कई प्रतिष्ठित भाषाविदों और शिक्षाविदों को शामिल किया गया। वर्ष 2004 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित शास्त्रीय विद्वानों के साथ इस मुद्दे पर चर्चा करने के बाद हम जिस मापदंड पर पहुंचे थे, उसके चार मुख्य बिंदु थेः प्रारंभिक ग्रंथों / लिखित इतिहास की प्राचीनता 1500 से 2000 वर्ष से अधिक हो, प्राचीन साहित्य / ग्रंथों का एक समूह, जिसे एक मूल्यवान विरासत माना जाता हो, संबंधित भाषा में साहित्यिक परंपरा मूल हो और दूसरों से उधार नहीं ली गई हो, और शास्त्रीय भाषा और साहित्य आधुनिक से अलग है, जहां शास्त्रीय भाषा और उसके बाद के रूपों या उसकी शाखाओं के बीच एक सातत्य-विच्छेद भी हो सकता है। खैर, वर्ष 2005 में भी, विशेषज्ञों की समिति ने पालि और प्राकृत की शास्त्रीय भाषा के दर्जे की सिफारिश की थी, क्योंकि पालि भगवान बुद्ध (563 ईसा पूर्व - 483 ईसा पूर्व) के भाषणों, कथनों, प्रवचनों और बातचीत की भाषा थी, जिसे शुरू में मौखिक रूप से संरक्षित किया गया था, और बाद में सुत्त, विनय और अभिधम्म के रूप में लिखित रूप में दर्ज किया गया, जिससे तिपिटक का निर्माण हुआ, और प्राकृत (एक रूप) जिसका उपयोग तीर्थंकर महावीर (599-527 ईसा पूर्व) के कारण विकसित ग्रंथों के लिए किया गया था। यह विशुद्ध औपनिवेशिक मानसिकता है, जो यह मानती है कि सिर्फ चीनी, संस्कृत, अरबी, ग्रीक और लैटिन ही 'शास्त्रीय' हैं। जबकि आज ऐसे मिथकों को तोड़ने का समय आ गया है, क्योंकि अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका और एशिया से नए पुरातात्त्विक साक्ष्य सामने आने लगे हैं, जो अपने आयामों में अनेक प्राचीन सभ्यताओं को सत्यापित करते हैं। यह मामला सिर्फ काप्टिक, मिस्र, सुमेरियन, बेबीलोनियन, असीरियन, हिब्रू, फारसी, तमिल, पालि और सीरियाई को शास्त्रीय भाषाओं की सूची में शामिल करने का नहीं है, बल्कि यह भी विचार करने का है कि अनेक महत्त्वपूर्ण भाषाओं को इस परिधि में शामिल करने से छोड़ दिया गया है। इन परंपराओं का अध्ययन करने के लिए समर्पित विद्वान चुपचाप काम कर रहे हैं, जो अंग्रेजी वर्चस्व के विद्वानों की उपेक्षाओं के बीच न्यूनतम सरकारी संरक्षण के साथ शोधरत हैं। जहां तक इस सूची में बांग्ला, असमिया और मराठी का सवाल है, तो उन्हें यह दर्जा देने के लिए कई नए सबूत और तर्क सामने आए हैं, जिसकी वे हकदार हैं। कहने का आशय यह कि भाषाओं को शास्त्रीयता का यह दर्जा नए तरह के शोधों को बढ़ावा देगा |

धमकीबाजों की मौज, विमान की चैकिंग हो रही हर रोज, विमानन एजेंसियों को खुद पर ऐतबार नहीं, उदयपुर फ्लाइट को धमकी, ढाई घंटे देर से रवाना हुई फ्लाइट



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर में तीन दिन से रोज गजब का खेल चल रहा है। धमकीबाजों की मौज हो गई है। विमानों की चैकिंग हो रही है, रास्ते में से उतारे जा रहे हैं, यात्रियों के सामान को चेक किया जा रहा है। रविवार को भी विस्तारा की एक फ्लाइट को बम से उड़ाने धमकी दी गई। धमकी 4 दिन में तीसरी है। ऐसे में सवाल खडा हो रहा है कि विमानन कंपनियां और एयरपोर्ट सिक्योरिटी को क्या खुद की जांच पर ही ऐतबार नहीं रहा जो केवल एक धमकी से पेसेंजरों को परेशान किया जा रहा है। हवाई जहांज में बैठते समय जांच ,उतरते समय जांच और बम की सूचना हो तो फिर से जांच आखिर यह हो क्या रहा है। आज महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पर बैंगलुरू से उदयपुर की फ्लाइट जैसे ही दोपहर 1:20 बजे आई तो फ्लाइट में क्रू मेंबर की ओर से पेसेंजर के लिए घोषणा हो गई कि फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पेसेंजर अपने सामान और बैग को छोड़कर बताए गए सुरक्षित स्थान पर चले जाएं। पेसेंजर बुरी तरह से सहम गए। सभी सामान-बैग को छोड़कर सुरक्षित स्थान पर चले गए। डबोक थानाधिकारी चंद्रशेखर किलानिया ने बताया कि सोशल मीडिया पर फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मेटल डिटेक्टर और डॉग स्क्वायड की मदद से पुलिस और एयरपोर्ट सिक्योरिटी ने पेसेंजर के सामान और फ्लाइट की चेकिंग हुई। कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसके बाद फ्लाइट को रवाना किया गय धमकी ने करीब ढाई घंटे का समय बर्बाद कर दिया। यह फ्लाइट ढाई घंटे देरी से करीब 4:20 बजे बैंगलुरू के लिए रवाना हुई।

चेक-बाउंस होने पर पिता को जेल, बेटे ने किया सुसाइडःशव को लेकर आरोपी के घर पहुंचे परिजन, देर शाम दोनों पक्षों में बनी सहमति



24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा बांसवाड़ा में चेक बाउंस के मामले में पिता को जेल हो गई, जिसके बाद आरोपी उसके बेटे को परेशान करने लगे। आहत बेटे ने अपने मामा के घर जाकर एक कमरे में सुसाइड कर लिया। घटना से आक्रोशित लोग युवक का शव लेकर आरोपियों के घर पर पहुंच गए और वहां शव रखकर प्रदर्शन किया। देर शाम पुलिस की समझाइश के बाद दोनों पक्षों में सुलह हो गई, जिसके बाद प्रदर्शनकारियों ने धरना खत्म किया। पूरा घटनाक्रम जिले के कलिंजरा थाना क्षेत्र में हुआ। मृतक अर्पित पुत्र हरलाल को चेक बाउंस होने पर धमकाया गया। चेक बाउंस के मामले में उसके पिता हरलाल 11 दिन से जेल में बंद हैं। लेकिन प्रार्थी रामलाल और उसके परिजन अर्पित को लगातार पैसों के लिए धमका रहे थे, जिसके बाद आरोपी ने शुक्रवार को आत्महत्या कर ली। मृतक के परिजन तेरसिंह ने बताया- बागीदौरा निवासी राम लाल ओर उसके पुत्र ने अर्पित पुत्र हरलाल को धमकाया था। इसके कारण अर्पित अपना घर छोड़कर मामा के घर सरेडी भिलान गांव में रहने चला गया था। वहां पर उसने फंदा लगाकर जान दे दी। परिजन घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे और शव को महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मामले में रिपोर्ट देकर प्रकरण दर्ज करवाया गया। साथ ही पोस्टमॉर्टम के शव परिजनों को सौंप दिया था। इसके बाद मृतक अर्पित के परिजन उसकी लाश को लेकर आरोपी के घर पहुंच गए। जहां आरोपियों के घर के बरामदे में शव रख कर वहीं दफनाने की मांग की। सूचना पर डिप्टी संदीप सिंह शक्तावत, सीआई विक्रम सिंह जाप्ते के साथ पहुंचे। परिजनों ने आरोप लगाया कि धमकी देने से अर्पित डर गया और उसने आत्महत्या कर ली। उसके शव को आरोपियों के घर के बाहर दफनाने और धमकी देने वाले बाप बेटे की गिरफ्तारी की मांग की। इस दौरान रामलाल का परिवार घर में ताला लगाकर भाग गए। परिजनों ने बताया- बागीदौरा देवालापाडा निवासी हरलाल से रामलाल की लेन-देन थी और उसको लेकर हस्ताक्षर कर के चेक दिया था। जिस पर कोई राशि नहीं लिखी थी। रामलाल ने चेक में फर्जी राशि 5.50 लाख रुपए भर कर चेक लगा दिया। इस कारण चेक बाउंस हो गया। चेक बाउंस होने पर कोर्ट ने हरलाल को जेल भेज दिया। ऐसे में करीब 11 दिन से हरलाल जेल में बंद है। हालांकि देर शाम पुलिस की समझाइश के बाद दोनों पक्षों में सुलह हो गई और परिजन शव लेकर अंतिम संस्कार की प्रक्रिया में जुट गए।

कार में आग लगाने के 2 आरोपियों ने कान पकड़ माफी मांगी



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. भीलवाडा। भीलवाड़ा की कॉलोनी में कार पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगाने के मामले में आरोपियों को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया तो दोनों ने कान पकड़ कर माफी मांगने मांगी। पुलिस ने आरोपी विनोद (20) पुत्र नारायण गाडरी 20 निवासी मंगल पांडे सर्किल और सुनील माली पुत्र देव माली संजय कॉलोनी को गिरफ्तार कर लिया। सुभाष नगर थाना प्रभारी शिवराज गुर्जर ने बताया कि भीलवाड़ा शहर में आगजनी की घटनाओं की रोकथाम के लिए एसपी धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। टीम ने गुलनगरी गली नंबर 7 में एक कार में आग लगाने के मामले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। इन दोनों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने इनका एक वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें दोनों युवक अपनी गलती के लिए माफी मांगते हुए नजर आ रहे हैं। आपको बता दें कि 25 अक्टूबर को सुभाष नगर थाने में मोहम्मद मुख्तार ने एक रिपोर्ट दी। जिसमें बताया था कि रात को करीब 1:45 बजे 3 बाइक पर 7 से 8 युवक आए और उसके घर के बाहर खड़ी उसकी स्विफ्ट कार पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों की मुखबिर तंत्र और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पहचान की और दोनों को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी शिवराज गुर्जर, एएसआई रामेश्वर, हेड कॉन्स्टेबल जगराम, कॉन्स्टेबल लोकेश, नरेश, रतन, रामाराम, कानू शामिल रहे।

सूरजगांव रोत फला में पुलिस ने पकड़ी गांजे की खेती एक आरोपी को किया गिरफ्तार, 26 पौधों किए जब्त



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर.डूंगरपुर के सागवाड़ा थाना पुलिस ने सूरजगांव रोत फला में दबिश देकर अवैध गांजे की खेती के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने मौके से 26 पौधे गांजे के जब्त करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

सागवाड़ा थानाधिकारी प्रभुलाल ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि सूरजगांव रोत फला में एक व्यक्ति की ओर से गांजे की खेती की गई है। इस पर पुलिस की टीम सूरजगांव रोत फला में पहुंची। जिस पर पुलिस ने लालशंकर उर्फ लाला डामोर के घर पर दबिश दी। लालशंकर ने अपने घर के पास गांजे की अवैध खेती कर रखी थी। पुलिस ने मौके से गांजे के 26 पौधे जब्त किए हैं। जिनका वजन 4 किलो 419 ग्राम था। वहीं पुलिस ने माममें में एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर लिया है। आरोपी लालशंकर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

महिला बंदियों द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी ने मन मोहा



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 27 अक्टूबर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश गुप्ता के निर्देशन में दशहरा-दीपावली मेले में महिला बंदी सुधार गृह उदयपुर की ओर से प्रदर्शनी लगाई गई है। प्रभारी दिव्या चौधरी की पहल पर महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की प्रदर्शनी के प्रति मेलार्थियों का आकर्षण बरकरार है। चौधरी ने बताया कि इस प्रदर्शनी में फूलों से बनी आर्गेनिक अगरबत्तियां, मुरब्बा, अचार, मिट्टी के दीपक, रोटी कवर, बैग, पोटलिया, पाउच आदि के प्रति मेलार्थियों का विशेष आकर्षण देखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि महिलाओं को प्रशिक्षण देकर उत्पाद तैयार कराने में राकेश सोमानी, राधिका सोमानी, मधु मेघवाल सहित स्टाफ का विशेष सहयोग रहा है।

रक्षा सेनाओं में जाने के इच्छुक युवक-युवतियों को देंगे मार्गदर्शन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 27 अक्टूबर। गुरुकुल डिफेंस एकेडमी में तीन दिवसीय ट्रायल कैम्प का समापन रविवार को हुआ। कैम्प में रक्षा सेवाओं में जाने के इच्छुक युवक-युवतियों ने खासा उत्साह दिखाया। मेवाड़, वागड़, मेवल और गोडवाड़ क्षेत्र से बड़ी संख्या में अभ्यर्थी पहुंचे। एकडेमी निदेशक दिनेश माली ने बताया कि कर्नल रजत त्यागी, सूबेदार जेपी त्यागी, काउंसलर डॉ रजनी त्यागी, सूबेदार भंवर सिंह, नरसिंह सिंह, बीएसएफ के सुनील सिंह कैम्प ने पहुंचे युवक युवतियों की ट्रायल ली। ट्रायल में 25 अक्टूबर को 28, 26 को 38 तथा अंतिम दिन रविवार को 114 युवक-युवतियों ने भाग लिया। अभ्यर्थियों को 1600 मीटर दौड़, लॉन्ग जंप व अन्य आवश्यक गतिविधियां करवाई गई एवं सभी का मेडिकल चेकअप किया गया। कुल 180 अभ्यर्थियों में से 9 अभ्यर्थी ट्रायल में फेल हुए बाकी 171 योग्य का चयन किया गया। उक्त अभ्यर्थियों की विधिवत मार्गदर्शन ट्रेनिंग 18 नवम्बर से प्रारंभ होगी। इससे पूर्व 8 से 17 नवंबर तक बुधल, लालपुर स्थित गुरूकुल परिसर में रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया होगी। ट्रेनिंग में भारतीय सेना, अग्नि वीर, अर्ध सैनिक बल, भारतीय पुलिस और राजस्थान पुलिस को लेकर शारीरिक ओर मेडिकल ट्रेनिंग दी जाएगी। ट्रेनिंग प्राप्तकर्ता अभ्यर्थियों को भर्ती निकलने पर गुरुकुल डिफेंस अकादमी द्वारा निशुल्क फॉर्म भरवा जाएंगे, तत्पश्चात उन्हें लिखित परीक्षा की अलग से दो माह की तैयारी करवाई जाएगी। ट्रायल कैंप का समापन समाज सेवी हरि सिंह चौहान के आतिथ्य में हुआ।

बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बाल साहित्य की महत्ती आवश्यकता



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 27 अक्टूबर। राजस्थान साहित्य अकादमी एवं सलिला संस्था, सलूंबर के संयुक्त तत्वावधान में 15 वां राष्ट्रीय बाल साहित्यकार सम्मेलन -2024 विज्ञान समिति सभागार में देवपुत्र के संपादक गोपाल माहेश्वरी की अध्यक्षता में रश्मि वार्ष्णेय के मुख्य आतिथ्य एवं अहमदाबाद की कुमुद वर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। मंचस्थ अतिथियों ने 'बाल साहित्य फलक पर अंतरिक्ष' विषय पर बीज वक्तव्य प्रस्तुत किए। शकुंतला सरुपरिया द्वारा प्रस्तुत ईश वंदना के बाद सलिला संस्था की अध्यक्ष एवं संयोजक डॉ.विमला भंडारी ने आगंतुकों का स्वागत किया। अपने उद्बोधन में डॉ विमला भंडारी ने कहा कि बाल साहित्य लेखन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए नई पीढ़ी की पौधशाला है। प्रथम सत्र उद्घाटन, लोकार्पण, पुरस्कार सम्मान एवं समीक्षा का रहा। साहित्य में उल्लेखनीय योगदान के लिए इंदौर के गोपाल माहेश्वरी, कोटा की प्रज्ञा गौतम, अहमदाबाद की मल्लिका मुखर्जी एवं मुंबई की पूनम अहमद को सलिला साहित्य रत्न सम्मान प्रदान किया गया। सम्मानित रचनाकारों ने अपने लेखकीय अनुभव के उद्बोधन से सबको लाभान्वित किया। इसके अलावा सलिल प्रवाह, बच्चों के ज्ञानवर्धक आलेख, मस्तानों की टोली, मधुबन की सरस कहानियां एवं बेटी की अभिलाषा पुस्तकों का लोकार्पण किया गया। अपने उद्बोधन में देवपुत्र के संपादक एवं मुख्य अतिथि गोपाल माहेश्वरी ने कहा कि बाल साहित्य लेखन के लिए सृजनात्मकता के साथ-साथ भावनात्मकता का होना आवश्यक है। इस सत्र का संचालन शकुंतला सरुपरिया ने किया।

राजस्थान और हरियाणा पुलिस के बीच चालान काटने की जंग:महिला पुलिसकर्मी से किराया मांगने पर विवाद, एक-दूसरे की रोडवेज बसों पर लगा रहे जुर्माना



24 न्यूज अपडेट

जयपुर. हरियाणा की महिला पुलिसकर्मी और राजस्थान रोडवेज की बस के कंडक्टर के बीच किराए को लेकर हुई बहस ने दो स्टेट की रोडवेज और पुलिस के बीच विवाद का रूप ले लिया है। शनिवार को हरियाणा पुलिस राजस्थान रोडवेज की बसों के चालान काट रही थी। वहीं, दूसरी तरफ रविवार को राजस्थान पुलिस ने हरियाणा रोडवेज की बसों के चालान काटने शुरू कर दिए।

रोडवेज से जुड़े सूत्रों की मानें तो हरियाणा पुलिस ने जयपुर और जयपुर डीलक्स सहित विभिन्न डिपो की करीब 50 बसों पर ड्राइवर के वर्दी नहीं पहनने, सीट बेल्ट नहीं लगाने के लिए जुर्माना लगाया है। वर्दी, सीट बेल्ट और लाइसेंस के लिए चालान काटे जा रहे हैं। पुलिसकर्मियों की ओर से राजस्थान रोडवेज की बसों का चालान काट ज्यादा से ज्यादा जुर्माना वसूला जा रहा है।

वहीं, राजस्थान पुलिस ने हरियाणा रोडवेज की 26 बसों के चालान किए हैं। रोडवेज प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि वे पूरे मामले की जांच करेंगे और हरियाणा पुलिस व अन्य अधिकारियों से बात करेंगे।

डीसीपी (ट्रैफिक) सागर राणा का कहना है- जयपुर शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर कार्रवाई की जा रही है। सभी बसों और भारी वाहनों को लेकर रविवार को कार्रवाई की गई है। काटे गए चालानों में बड़ी संख्या में हरियाणा रोडवेज की बसें भी शामिल हैं।

हरियाणा की पुलिसकर्मी ने किराया देने से किया था इनकार

पिछले दिनों हरियाणा से जा रही राजस्थान रोडवेज की बस को रुकवा कर एक महिला कॉन्स्टेबल बैठी थी। बस में सफर के दौरान कंडक्टर ने टिकट के 50 रुपए मांगे। बस में टिकट नहीं लगने की कहने पर महिला पुलिसकर्मी और कंडक्टर में बहस हो गई।


कंडक्टर का कहना था कि बस राजस्थान रोडवेज की है, हरियाणा रोडवेज की नहीं। राजस्थान रोडवेज में सफर करना है तो टिकट लेना पड़ेगा। महिला पुलिसकर्मी का कहना था कि बस में उनका किराया नहीं लगता है। राजस्थान रोडवेज की बस होगी, पर अभी हरियाणा में है। बिना किराए के सफर से मना कर कंडक्टर ने महिला पुलिसकर्मी को नीचे उतरने के लिए कहा।

महिला पुलिसकर्मी ने किराया देना तो दूर नीचे उतरने से भी मना कर दिया। कंडक्टर ने बस को रोड किनारे खड़ा करवा दिया। किराया देने पर ही बस के आगे जाने की बात कही। बस में बैठी सवारियों के महिला पुलिसकर्मी को किराया देने का दबाव बनाने पर सहमति बनी।

वीडियो वायरल होने पर शुरू हुआ विरोध राजस्थान रोडवेज बस कंडक्टर और हरियाणा पुलिस की कॉन्स्टेबल के किराए को लेकर बहस का वीडियो वायरल हो गया। इसके बाद हरियाणा के पुलिसकर्मी विरोध में उतर आए। हरियाणा में आने-जाने वाली राजस्थान रोडवेज की बसों को रोक कर चालान काटना शुरू कर दिया।

राजस्थान रोडवेज प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि वे पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। इस संबंध में हरियाणा पुलिस और अन्य अधिकारियों से बात करेंगे।

नवंबर के दूसरे सप्ताह में आएगा रीट का नोटिफिकेशन, जनवरी में परीक्षा



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, जयपुर। राजस्थान में टीचर बनने का सपना देख रहे युवाओं के लिए अहम खबर आ रह है कि रीट प्रवेश परीक्षा जनवरी के तीसरे सप्ताह में होगा। नवंबर के दूसरे सप्ताह में नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। जो अभ्यर्थी रीट क्वालिफाई करेंगे, उन्हें शिक्षक भर्ती परीक्षा में बैठने का मौका मिलेगा। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि राजस्थान सरकार नवंबर के दूसरे सप्ताह में रीट की विज्ञप्ति जारी करेगी। आवेदन के लिए एक महीने का वक्त दिया जाएगा। दिलावर ने कहा कि अभी शिक्षा विभाग में रिक्त चल रही पोस्ट के साथ टीचर्स की पदोन्नति के बाद पदों की संख्या का रिव्यू किया जा रहा है। जैसे ही प्रक्रिया पूरी हो जाएगी, तब बताया जाएगा कि राजस्थान में कुल कितने पद टीचर्स के हैं। उसके आधार पर शिक्षक भर्ती परीक्षा की विज्ञप्ति जारी होगी। इस बार शिक्षा रीट में अभ्यर्थियों को ओएमआर शीट में चार की जगह पांच ऑप्शन दिए जाएंगे। अगर कोई अभ्यर्थी चारों विकल्प नहीं भरता है तो उसे पांचवां विकल्प भरना ही होगा। नहीं भरेगा तो नेगेटिव मार्किंग होगी और नंबर कट जाएंगे। इसके साथ ही अगर किसी अभ्यर्थी ने 10 फीसदी से अधिक सवालों के जवाब में पांचों विकल्प में से एक भी नहीं चुना तो उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। रीट पास करने वाले उम्मीदवारों को राजस्थान शिक्षक पात्रता सर्टिफिकेट दिया जाता है। यह सर्टिफिकेट 3 साल के लिए मान्य होता है। ऐसे में 3 साल तक आयोजित होने वाली शिक्षक भर्ती परीक्षा में रीट पास कर चुका उम्मीदवार आवेदन कर सकता है।

करौली में कलेक्टर के सामने पार्क में लटका मिला नायब तहसीलदार का शव



24 न्यूज अपडेट

करौली। करौली कलेक्ट्रेट के सामने सिटी पार्क में शनिवार सुबह नायब तहसीलदार का शव पेड़ से लटका मिला तो हड़कंप मच गया। सुबह पार्क में घूमने आए लोगों ने सबसे पहले शव को देखा तो हतप्रभ रह गएं तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। नायब तहसीलदार का 5 दिन पहले ही धौलपुर से करौली ट्रांसफर किया गया था। पुलिस के अनुसार नायब तहसीलदार राजेंद्र सिंह शव सिटी पार्क में फंदे से लटके मिले। कोतवाली पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचाया। जांच के दौरान मृत धोषित किया गया। कलेक्ट्रेट के सामने किराए के घर पर सुसाइड नोट मिला जिसमें लिखा-बीमारी के कारण परेशान हूं। जेब में रखे आधार कार्ड से नायब तहसीलदार की पहचान हुई। राजेंद्र भरतपुर की वैर तहसील में कानूनगो रहे। इसके बाद धौलपुर के बसई नवाब में नायब तहसीलदार बने। भरतपुर जिले के हलैना थाना इलाके के वाई गांव में रहने वाले थे। बड़े भाई अतर सिंह ने बताया कि दो बेटिय प्रीति (24) और अंजू (22) हैं। दोनों बेटियां पढ़ रही हैं। पूरा परिवार इस घटना के बाद से सदमे में है। राजेंद्र को कोई पारिवारिक या आर्थिक समस्या नहीं थी।

रीट पेपर लीक मामले में ईनामी आरोपी गिरफ्तार, 3 साल से पुलिस को दे रही थी चकमा



24 न्यूज अपडेट

राजस्थान में रीट पेपर लीक मामले में एक नई कड़ी निकलकर सामने आई है. जोधपुर रेंज स्तरीय साईक्लोनर टीम ने रीट पेपर लीक में फरार 25 हजार की ईनामी महिला आरोपी किरण जाट को लुका छिपी के खेल के बाद आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है. जिला बालोतरा की वांटेड रीट पेपरलीक मामले में ईनामी आरोपी किरण को जोधपुर रेंज की साईक्लोनर टीम ने ढूंढ निकाला. पुलिस महानिरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि जिला स्तर पर 25 हजार की वांटेड महिला किरण जाट रीट 2021 प्रतियोगिता परीक्षा में पुलिस थाना बालोतरा में मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही फरार चल रही थी.

हर पल बदलती रही अपना ठिकाना

आरोपी पिछले 2 महीने से राजस्थान के अलग-अलग जिलों बालोतरा, बाड़मेर, सांचौर, जोधपुर, फतेहपुर में लुकाछिपी के बाद धरदबोचा है. साईक्लोनर टीम के डर से दर-दर भटकती रही और हर सप्ताह अपना ठिकाना और मोबाइल बदलती रही. पहले सही रास्ता छोड़ा, फिर मोबाइल छोड़ा, फिर घर छोड़ा, फिर पति छूटा अब पुरूष मित्र का साथ भी छूट गया.

3 साल से काट रही फरारी


जोधपुर के झालामंड इलाके में छुपकर समय काटा फिर साईक्लोनर टीम के दबाव में ठिकाना छोड़ना पड़ा. कभी खेमें का कुंआ तो कभी सारण नगर, कभी भुणिया तो कभी खोखरिया, कभी झालामंड कभी बलदेव नगर बाड़मेर तो कभी रामनगर तो कभी फतेहपुर दौसा लगातार भागती रही. ऐसे में किरण जाट अपने पुरूष मित्र के ठिकाने खेड़ापा में नया ठिकाना खोजने की कवायद में पकड़ी गई.


3 साल से फरारी काट रही थी, रीट पेपर घोटाले में शामिल होने पर ससुर ने जमकर फटकार लगाई और घर से भगा दिया था. 08 लाख रुपये में धांधली का सौदा किया था, लेकिन ये पैसा सबकुछ बरबाद कर गया.


हनुमानगढ़ की राधिका बंसल पहली बार में बनीं RJS टॉपर:डेंटिस्ट ने हासिल की तीसरी रैंक; सब्जी बेचने वाले का बेटा बना जज


कपासन की प्रियंका बैरवा बनी जज


उदयपुर जिला जज की बेटी महक सिंघल


राधिका बंसल
रैंक- 1वीं


परमा चौधरी
रैंक 3वीं


दीपिका कचोलिया
रैंक 5वीं

24 न्यूज अपडेट

जोधपुर. राजस्थान हाईकोर्ट ने राजस्थान ज्यूडिशियल सर्विस (RJS) का रिजल्ट घोषित कर दिया है। हनुमानगढ़ की राधिका बंसल ने टॉप किया है। डेंटिस्ट परमा चौधरी ने तीसरी रैंक हासिल की। RJS रिजल्ट के टॉप-10 अभ्यर्थियों में 9 बेटियां शामिल हैं। ओबीसी (नॉन क्रीमीलेयर) कैटेगरी के तनुराग सिंह चौहान ने 187.5 अकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया है। RJS भर्ती में 222 कैंडिडेट पास हुए हैं। इनमें जनरल कैटेगरी में 92 कैंडिडेट, SC कैटेगरी में 35, ST कैटेगरी में 24, EWS कैटेगरी में 21, OBC-MBC (नॉन क्रीमीलेयर) कैटेगरी में 45, MBC (नॉन क्रीमी लेयर) कैटेगरी में 5 कैंडिडेट पास हुए हैं।

अभ्यर्थियों ने रिजल्ट को सुप्रीम कोर्ट में दे रखी है चुनौती

आरजेएस मुख्य परीक्षा-2024 के करीब 99 अभ्यर्थियों ने रिजल्ट को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे रखी है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि राजस्थान हाईकोर्ट ने आरजेएस मुख्य परीक्षा 31 अगस्त और 1 सितंबर को आयोजित करवाई थी। इसमें करीब 3500 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। हाईकोर्ट ने परीक्षा का परिणाम 1 अक्टूबर को जारी करते हुए इनमें से 638 अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए कॉल किया। जिन अभ्यर्थियों को असफल घोषित किया गया, उनमें से अधिकतर अभ्यर्थी ऐसे हैं, जिनके अंग्रेजी के पेपर में 0 से 10 नंबर ही दिए गए।

सुप्रीम कोर्ट ने 18 अक्टूबर को सुनवाई के दौरान राजस्थान हाईकोर्ट से जवाब मांगा और याचिकाकर्ताओं की आंसर शीट तलब की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- जिन याचिकाकर्ताओं के अंग्रेजी विषय के पेपर में जीरो से 15 नंबर आए हैं। उन सभी की आंसर शीट सुप्रीम कोर्ट में पेश की जाए। 21 अक्टूबर को एक बार फिर मामले में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान हाईकोर्ट से उन अभ्यर्थियों के लॉ पेपर के नंबर मांगे, जिनके अंग्रेजी निबंध के पेपर में जीरो से 15 नंबर आए हैं।

लॉ फील्ड के एक्सपर्ट सागर जोशी ने बताया कि इस बार एग्जाम में बड़ी संख्या में लड़कियों का चयन हुआ है। न्यायपालिका के लिए और कानूनी शिक्षा के लिए एक शुभ संकेत है।

उदयपुर जिला जज की बेटी का हुआ चयन

जोधपुर की महक सिंघल (24) ने RJS में 30वी रैंक हासिल की है। महक का यह पहला अटेम्प्ट था। महक के पिता महेंद्र कुमार सिंघल उदयपुर के जिला जज हैं। उनके पिता की प्रेरणा से उन्होंने RJS एग्जाम दिया था। उनकी माता सरिता सिंघल गृहणी हैं। भाई प्रीत सिंघल 12वीं में पढ़ रहे हैं। उनकी बड़ी बहन ऊर्जा सिंघल जयपुर SMS में डॉक्टर हैं।

सब्जी बेचने वाले का बेटा बना जज

पुष्कर निवासी भागचंद पवार ने 42वीं रैंक हासिल की हैं। भागचंद ने पांच महीने पहले जेएलओ के रिजल्ट में 39वीं रैंक हासिल की थी। भागचंद पुष्कर के पास गांव बासेली के रहने वाले हैं। उनके पिता सब्जी विक्रेता हैं। भागचंद पिछले 9 साल से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे थे।

कपासन की प्रियंका की 204वीं रैंक आई

कपासन की प्रियंका बैरवा ने 204वीं रैंक हासिल की हैं। प्रियंका के परीक्षा में 139 नंबर आए हैं। प्रियंका बैरवा जुलाई में ही जूनियर लीगल ऑफिसर के पद पर नियुक्त हुई थी। प्रियंका ने LLB साल 2021 में उदयपुर की मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी से की है।

जयपुर में दिलजीत के शो से पहले ED की छापेमारी:मोबाइल-लैपटॉप जब्त, 2 लोगों को पकड़ा; फर्जी टिकट बनाकर 2 लाख तक में बेच रहे



24 न्यूज अपडेट

जयपुर. जयपुर में 3 नवंबर को होने वाला सिंगर दिलजीत दोसांझ का शो विवादों में आ गया है। शो के फर्जी टिकट सामने आने के बाद ईडी ने जयपुर समेत देशभर में 13 ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी की छापेमारी रविवार को भी जारी है। ईडी ने छापेमारी दिल्ली, चंडीगढ़, पंजाब, जयपुर, मुंबई और बेंगलुरु में की। छापेमारी में ईडी को फर्जी टिकटों से बड़े पैसे की हेरफेर की जानकारी मिली हैं। साथ ही ईडी को बड़े अमाउंट का ऑनलाइन ट्रांजैक्शन होने के संबंध में सबूत मिले हैं। ईडी ने कुछ लोगों को डिटेन किया। साथ ही मोबाइल, लैपटॉप जब्त किए हैं। ईडी की जांच जारी है।

बुक माय शो की एफआईआर के बाद एक्शन

गायक दिलजीत दोसांझ का म्यूजिक कॉन्सर्ट 3 नवंबर को जयपुर के जेईसीसी सीतापुरा में होना है। इसके साथ विदेशी बैंड कोल्डप्ले का कॉन्सर्ट भी इंडिया में होगा। इनके टिकट जोमैटो लाइव और बुक माय शो पर बेचे गए। बुक माय शो की तरफ से इसकी जांच कराई गई। इसमें पता चला की टिकट बाजार में अन्य प्लेटफार्म से बिक रही है, जो फर्जी है। इस तरह से कुछ लोग निजी फायदे के लिए फर्जी टिकट बनाकर लोगों के साथ धोखाधड़ी-ठगी कर रहे हैं।

बच्चों के साथ मनाया दीपावली पर्व, मिठाई पाकर बच्चों के चेहरे पर छाई खुशी



24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेड़ा, 27 अक्टूबर प्रतिवर्ष की भांति नगर की नगर की जानी मानी सामाजिक संस्था हेल्प सोसायटी ने रविवार को दीपावली पर्व की खुशियां करथाना के रहवासियों के बीच जाकर मनाई। हेल्प सोसायटी की अध्यक्ष पार्षद एकता सोनी ने बताया कि सोसायटी सदस्यों द्वारा हर त्यौहार पर बच्चो के साथ मिलकर खुशियों की सौगात बांटी जाती है, इस वर्ष भी सोसायटी की आशा राठौड़, मीनू छाजेड, संगीता बंसल,जया सिंघवी, ममता काला, सीमा पारख, चन्दा जैन, सीमा कोचेटा, सुनीता पारख, शर्मिला लड्ढा, करुणा खेरोदिया, तनुजा पामेचा, भावना जैन ने करथाना गाँव पहुँचकर बच्चों को नए कपड़े, मिठाई के पैकेट वितरित किए साथ ही उनके साथ आतिशबाजी भी की, असीम प्यार दुलार पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी छा गई। हेल्प सोसायटी सदस्यों ने महिलाओं को भी साड़ियां भेंट की व दीपावली पर्व के चलते मिट्टी के दिये भी जलाए, दीपोत्सव के इस पर्व पर उनके घरो में खुशियाँ प्रदान करने पर महिलाएं आत्मविभोर हो उठी और उन्होंने हेल्प सोसायटी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी उदयपुर में, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी और सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर से की मुलाकात



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने ताज अरावली में सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों, और सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स के साथ मुलाकात की। स्मृति ईरानी भारतीय प्रबंधन संस्थान, उदयपुर में गेस्ट फैकल्टी के रूप में क्लास लेने आई थीं। इस अवसर पर, उन्होंने शहर के युवाओं के साथ देश और विश्व के समसामयिक मुद्दों पर गहन चर्चा की। स्मृति इरानी ने बताया कि नई शिक्षा नीति के निर्माण की शुरुआत उनके शिक्षा मंत्री के कार्यकाल में हुई थी। उन्होंने करीब दो दर्जन युवाओं से दो घंटे लंबा संवाद किया, जिसमें युवाओं की सकारात्मकता और ऊर्जा ने उन्हें अत्यधिक प्रेरित किया। स्मृति इरानी ने कहा कि युवाओं में ऊर्जा, उत्साह, और नवीनता है, जो उन्हें दिन-रात मेहनत करने के लिए प्रेरित करती है। देश की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिनिधित्व स्मृति इरानी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के अमृत काल में आप सभी देश की आकांक्षाओं और सपनों के सच्चे प्रतिनिधि हैं। विकसित भारत के सबसे बड़े लाभार्थी आप ही होंगे, और इसे साकार करने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी भी आपके कंधों पर है।

हेमन्त कुमार पालीवाल बने अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिला अध्यक्ष



24 न्यूज अपडेट

मुख्य निर्वाचन अधिकारी चंद्रशेखर परमार एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी मनोज मोची के निर्देशन में अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिलाध्यक्ष पद पर हुए निर्वाचन में ग्राम विकास अधिकारी संघ से प्रतिनिधि हेमंत कुमार पालीवाल को निर्विरोध जिला अध्यक्ष चुना गया।

आज हुई निर्वाचन बैठक में राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह चौहान जिला अध्यक्ष सतीश जैन ,भेरूलाल नवीन व्यास, राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील से सभा अध्यक्ष धूलिराम, लक्ष्मी राम गुर्जर ,विजय कुमार, राजेंद्र कुमार सालवी, विनोद शर्मा ,राजस्थान सहायक एवं अतिरिक्त विकास अधिकारी संघ से हरि सिंह, गजराज मेनारिया अनिल श्रीमाली ,राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ से शंकर लाल, हरीश सुथार, राजस्थान पटवार संघ से पंकज पालीवाल, राजस्थान भू निरीक्षक संघ से जयदेव रावत, राजस्थान हाउसिंग बोर्ड कर्मचारी संघ से मुकेश शर्मा ,राजस्थान आयुर्वेदिक परिचारक संघ से रमेश मीणा, अशोक कुमार भट्ट प्रेम सिंह ,राजस्थान कृषि पर्यवेक्षक संघ से निलेश यादव, राजस्थान एएनएम एवं एल एच वि संघ से पुष्पा गरासिया, कमलेश चौधरी , प्रांतीय नल मजदूर यूनियन से रामलाल मेनारिया, दिनेश जुनी, जफर अहमद ,राजस्थान पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ से खेमराज मीणा, राजस्थान शिक्षक संघ से भेरू सिंह राठौड़, राजस्थान अधीनस्थ कर्मचारी संघ सांख्यिकी से राजेंद्र मीणा,राजस्थान वन अधीनस्थ कर्मचारी संघ से भगवती लाल मीणा, नारायण लाल कुमावत, राजस्थान कंप्यूटर अधीनस्थ कर्मचारी संघ से जसवंत सिंह चौहान, हेमंत मेनारिया ,राजस्थान कानूनगो संघ से भरत इंटोदिया,राजस्थान कृषि स्नातक संघ से शंकर लाल नकवालउपस्थित रहे। इस बैठक में संयुक्त महासंघ के पूर्व जिला अध्यक्ष श्याम लाल आमेटा ने भी अपने विचार व्यक्त किये। बैठक के अंत में नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष श्री पालीवाल ने कहा कि किसी भी संगठन के सफलता हेतु सभी का साथ जरूरी है और इस संगठन का जो मांग पत्र है उसके अनुरूप सभी संगठनों का साथ लिया जाएगा एवं कर्मचारी हित में अपनी बात सरकार तक पहुंचाई जाएगी।

200 रुपए के 27 नकली नोट के साथ एक नाबालिग सहित 5 पकड़े



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. भीलवाडा। नकली नोट का लेन-देन करने वाले एक नाबालिग सहित 5 युवकों को भीलवाडा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पांचों युवक एक ऑल्टो कार में सवार होकर नकली नोट चलाने के लिए घूम रहे थे। पुलिस ने बताया कि उनको मुखबिर से सूचना मिली कि कार मेंयुवक नकली नोट चलाने की फिराक में घूम रहे है। इस पर बताए गए इलाके में पुलिस ने नाकाबंदी की और जब कार को रोका तोयुवक घबरा गए। पुलिस ने बारी बारी से उनकी तलाशी ली तो 200 के 27 नकली नोट मिले और 2150 रुपए के असली नोट मिले। पुलिस ने एक नाबालिग को निरुद्ध करते हुए चार युवकों को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ शुरू की है। मामला कारोई थाना क्षेत्र का है। थाना प्रभारी लक्ष्मी नारायण ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि नकली नोट का लेन-देन करने के लिए कुछ व्यक्ति ऑल्टो कार में घूम रहे हैं। तहसील कार्यालय के बाहर नाकाबंदी की। गंगापुर की ओर से आ रही ऑल्टो दिखी तो इसमें बैठे लोगों से पूछताछ की तो इन्होंने अपना नाम रवि निगम, प्रद्युमन सिंह, गौतम सिंह और हर्षवर्धन बताया। उनके साथ एक नाबालिग भी था। तलाशी लेने पर 200 के 27 नकली नोट मिले, जिसे आरोपी असली बताकर बाजार में चलाने के लिए निकले थे। पुलिस ने 2150 रुपए असली नोट जब्त किए। चारों को गिरफ्तार किया गया व नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने रवि निगम पिता ओमप्रकाश निगम 37 निवासी बापू नगर भीलवाड़ा, प्रद्युमन सिंह पिता रणजीत सिंह 19 निवासी बालाघाट करौली, गौतम सिंह पिता विक्रम सिंह निवासी करौली, हर्षवर्धन सिंह पिता गजराज सिंह 20 निवासी बापू नगर भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया है।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।